भारत सरकार

आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1677

01 अगस्त, 2024 को उत्तर दिए जाने के लिए

झारखंड में पीएमएवाई-यू के अंतर्गत गरीबों के लिए आवास

1677. श्री मनीष जायसवाल:

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार के पास विगत तीन वर्षों के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी (पीएमएवाई-यू) के अंतर्गत गरीब लोगों को उपलब्ध कराए गए आवासों का कोई आंकड़ा है और यदि हां, तो तत्संबंधी वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) विगत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान उक्त योजना के अंतर्गत झारखंड के हजारीबाग जिले को वर्ष-वार स्वीकृत आवासों का ब्यौरा क्या है तथा कितनी धनराशि आवंटित की गई;

(ग) पीएमएवाई-यू के अंतर्गत झारखंड के हजारीबाग में गरीब परिवारों को आवासों के आवंटन हेतु सरकार के पास कितने आवेदन लंबित हैं; और

(घ) सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कार्रवाई की गई है?

उत्तर

आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री

(श्री तोखन साहू)

(क) से (घ) 'भूमि' और 'कॉलोनीकरण' राज्य के विषय हैं। अतः आवास से संबंधित योजनाओं को राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों (यूटी) द्वारा अपने नागरिकों के लिए कार्यान्वित किया जाता है। हालाँकि, आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय 25.06.2015 से प्रधान मंत्री आवास योजना-शहरी (पीएमएवाई-यू) के तहत केंद्रीय सहायता प्रदान करके राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के प्रयासों में सहायता करता है

जारी ...2/

ताकि देश भर में शहरी गरीबों सहित सभी पात्र शहरी लाभार्थियों को बुनियादी नागरिक सुविधाओं के साथ पक्के आवास उपलब्ध कराए जा सकें।

पीएमएवाई-यू एक मांग आधारित योजना है और भारत सरकार ने आवासों के निर्माण के लिए कोई लक्ष्य तय नहीं किया है। शहरी क्षेत्रों में आवास की मांग के आधार पर, राज्य/संघ राज्य क्षेत्र परियोजना प्रस्ताव तैयार करते हैं और राज्य स्तरीय मंजूरी और निगरानी समिति (एसएलएसएमसी) के अनुमोदन के बाद, इन्हें केंद्रीय मंजूरी और निगरानी समिति (सीएसएमसी) द्वारा स्वीकार्य केंद्रीय सहायता की मंजूरी के लिए इस मंत्रालय को प्रस्तुत किया जाता है।

पिछले तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान देश भर में, झारखंड राज्य और हजारीबाग जिले में पीएमएवाई-यू के अंतर्गत स्वीकृत, पूर्ण हुए आवासों और जारी की गई केंद्रीय सहायता का ब्यौरा अनुलग्नक में दिया गया है।

*****

दिनांक 01.08.2024 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं.1677 के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

पिछले तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान देश भर में, झारखंड राज्य और हजारीबाग जिले में पीएमएवाई-यू के अंतर्गत स्वीकृत, पूर्ण किए गए आवासों और जारी की गई केंद्रीय सहायता का ब्यौरा

ब्यौरा	वित्तीय वर्ष	सम्पूर्ण भारतीय	झारखंड	हजारीबाग
स्वीकृत आवास (संख्या)	2021-22	17,99,648	57,847	2,600
	2022-23	9,91,054	6,625	1,052
	2023-24	4,68,121	-	-
	चालू वर्ष	-	-	-
पूर्ण आवास (संख्या में)*	2021-22	10,29,992	10,864	399
	2022-23	15,44,307	15,806	542
	2023-24	8,96,520	17,245	500
	चालू वर्ष	3,02,445	2,590	37
जारी की गई केन्द्रीय सहायता (करोड़ रुपए में)**	2021-22	22,230.73	258.32	11.40
	2022-23	26,277.51	311.31	15.97
	2023-24	19,726.91	158.44	10.61
	चालू वर्ष	199.34	-	-

* इसमें उस अवधि के दौरान पूर्ण किए गए आवास शामिल हैं, जो पिछले वर्षों में स्वीकृत किए गए थे।

** इसमें उस वर्ष के दौरान जारी की गई केंद्रीय सहायता भी शामिल है, जिसके लिए पिछले वर्षों में आवास स्वीकृत किए गए थे।